माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश

कक्षा 12 – राजनीति विज्ञान

मॉडल प्रश्न पत्र (SET–4)

समय : 3 घंटे **पूर्णांक** : 70

प्रश्न-पत्र संरचना

- **बहुविकल्पीय प्रश्न** – 20 अंक
- **अति लघु उत्तरीय प्रश्न** – 10 अंक
- **लघु उत्तरीय प्रश्न (I)** – 12 अंक
- **लघु उत्तरीय प्रश्न (II)** – 16 अंक
- **दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** – 12 अंक

कुल = 70 अंक

खंड – क : बहुविकल्पीय प्रश्न (1x20= 20 अंक)

1. बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का संकेत मिलता है—
   (क) शीत युद्ध से
   (ख) एकध्रुवीयता से
   (ग) कई शक्तिकेंद्रों के उदय से
   (घ) गुटनिरपेक्ष आंदोलन से

2. बांडुंग सम्मेलन को किस आंदोलन की वैचारिक नींव माना जाता है?
   (क) समाजवादी आंदोलन
   (ख) गुटनिरपेक्ष आंदोलन
   (ग) यूरोपीय संघ
   (घ) संयुक्त राष्ट्र

3. शीत युद्ध के दौरान वारसा संधि का गठन हुआ—
   (क) 1949

(ख) 1951

(ग) 1955

(घ) 1961

4. भारत की विदेश नीति में "रणनीतिक स्वायत्तता" का आशय है—

(क) सैन्य तटस्थता

(ख) स्वतंत्र निर्णय क्षमता

(ग) आर्थिक आत्मनिर्भरता

(घ) कूटनीतिक अलगाव

5. भारतीय संविधान में समवर्ती सूची का उद्देश्य है—

(क) केंद्र को शक्तिशाली बनाना

(ख) राज्यों को स्वतंत्र करना

(ग) केंद्र–राज्य सहयोग

(घ) न्यायिक नियंत्रण

6. राष्ट्रपति शासन से संबंधित अनुच्छेद है—

(क) 352

(ख) 356

(ग) 360

(घ) 368

7. 74वाँ संविधान संशोधन लागू होता है—

(क) ग्राम पंचायतों पर

(ख) नगर निकायों पर

(ग) जिला परिषदों पर

(घ) सहकारी समितियों पर

8. मंत्रिपरिषद का वास्तविक प्रमुख होता है—

(क) राष्ट्रपति

(ख) राज्यपाल

(ग) प्रधानमंत्री

(घ) लोकसभा अध्यक्ष

9. दल-बदल विरोधी कानून का उद्देश्य नहीं है—

(क) राजनीतिक स्थिरता

(ख) अवसरवाद रोकना

(ग) दलीय अनुशासन

(घ) विपक्ष को समाप्त करना

10. कांग्रेस का एकदलीय प्रभुत्व कमजोर पड़ा—

(क) 1952 के बाद

(ख) 1962 के बाद

(ग) 1967 के बाद

(घ) 1971 के बाद

11. क्षेत्रीय दलों के उभार का एक कारण था—

(क) वैश्वीकरण

(ख) भाषाई पुनर्गठन

(ग) सैन्य नीति

(घ) विदेशी हस्तक्षेप

12. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य होता है—

(क) आजीवन

(ख) 10 वर्ष

(ग) 5 वर्ष

(घ) 2 वर्ष

13. भारत–अमेरिका संबंधों में नया चरण प्रारंभ हुआ—

(क) 1971 के बाद

(ख) 1991 के बाद

(ग) 2001 के बाद

(घ) 2014 के बाद

14. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भारत में स्थापित हुआ—

(क) 1989

(ख) 1991

(ग) 1993

(घ) 1996

15. चुनाव आयोग की स्वतंत्रता का आधार है—

(क) राष्ट्रपति

(ख) संसद

(ग) संविधान

(घ) न्यायपालिका

16. मौलिक कर्तव्यों की संख्या है—

(क) 10

(ख) 11

(ग) 12

(घ) 9

17. नीति निर्देशक तत्व किससे प्रेरित हैं—

(क) अमेरिकी संविधान

(ख) आयरिश संविधान

(ग) फ्रांसीसी संविधान

(घ) रूसी संविधान

18. संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक होती है—

(क) प्रतिदिन

(ख) मासिक

(ग) वार्षिक

(घ) आवश्यकतानुसार

19. लोकतांत्रिक शासन की अनिवार्य शर्त है—

(क) लिखित संविधान

(ख) स्वतंत्र न्यायपालिका

(ग) नियमित चुनाव

(घ) द्विसदनीय संसद

20. भारत की “Act East Policy” का संबंध है—

(क) पश्चिम एशिया

(ख) यूरोप

(ग) एशिया–प्रशांत

(घ) अफ्रीका

खंड – ख : अति लघु उत्तरीय प्रश्न **(1x10= 10 अंक)**

(10–25 शब्द)

21. बहुध्रुवीयता क्या है?

22. वारसा संधि किससे संबंधित थी?

23. समवर्ती सूची का एक विषय लिखिए।

24. प्रधानमंत्री का एक संवैधानिक कार्य लिखिए।

25. दल-बदल का अर्थ लिखिए।

26. क्षेत्रीय दल क्या होते हैं?

27. UNSC के किसी एक स्थायी सदस्य का नाम लिखिए।

28. मौलिक कर्तव्य का उद्देश्य लिखिए।

29. चुनाव आयोग का एक कार्य लिखिए।

30. रणनीतिक स्वायत्तता का अर्थ लिखिए।

खंड – ग : लघु उत्तरीय प्रश्न (I) **(2x6= 12 अंक)**

(50–100 शब्द)

31. बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की दो विशेषताएँ लिखिए।

32. गुटनिरपेक्ष आंदोलन के पतन के दो कारण लिखिए।

33. समवर्ती सूची के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

34. गठबंधन राजनीति के दो सकारात्मक प्रभाव लिखिए।

35. क्षेत्रीय दलों की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए।

36. संयुक्त राष्ट्र महासभा के कार्यों का वर्णन कीजिए।

खंड – घ : लघु उत्तरीय प्रश्न (II) **(4 × 4 = 16 अंक)**

(100–125 शब्द)

37. शीत युद्ध के अंत के कारणों का विश्लेषण कीजिए।

38. भारतीय संघवाद में केंद्र की प्रधानता को स्पष्ट कीजिए।

39. भारतीय राजनीति में गठबंधन सरकारों के प्रभावों का मूल्यांकन कीजिए।

40. संयुक्त राष्ट्र संघ की संरचना एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालिए।

खंड – ङ : दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (निबंधात्मक) **(6x2= 12 अंक)**

(लगभग 250 शब्द)

41. भारत की विदेश नीति के प्रमुख सिद्धांतों का विस्तृत वर्णन कीजिए।

42. भारतीय लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया की भूमिका का समालोचनात्मक अध्ययन कीजिए।